<u>विश्व हिन्दी दिवस 2024 के उपलक्ष्य में सेमिनार</u>

10 जनवरी, 2024 को एमसीएल मुख्यालय, जागृति विहार के निदेशक(तकनीकी) के सभागार में महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद की अध्यक्षता में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान "वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की भूमिका" विषय पर राजभाषा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रसिद्ध मीडिया कर्मी एवं वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती अल्का सिन्हा, नई दिल्ली और श्री मनोज कुमार सिन्हा, राजभाषा विशेषज्ञ तथा पूर्व उप निदेशक राजभाषा, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपना व्याख्यान दिया। श्रीमती अल्का सिन्हा ने विश्व मंच पर हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विश्व के कई देशों में हिन्दी बोली जाने से साथ साथ विश्वविद्यालयों में पढ़ाई भी जाती है तथा हिन्दी के साथ भारतीय संस्कृति भी विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है। श्री मनोज कुमार सिन्हा ने संसदीय राजभाषा समिति के विविध गतिविधियों से अवगत कराते हुए संसदीय समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर विस्तार से चर्चा की। सेमिनार के दौरान विभागीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया तथा कवियों एवं मंच संचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

MCL
विश्व हिन्दी दिवस-2024
10 जनवरी, 2024
राजभाषा सेमिनार
“वैश्विक प्रगति में हिन्दी की भूमिका”

MCL
विश्व हिन्दी दिवस-2024
10 जनवरी, 2024
राजभाषा सेमिनार
“वैश्विक प्रगति में हिन्दी की भूमिका”
राजभाषा विभाग

MCL
विश्व हिन्दी दिवस-2024
10 जनवरी, 2024

MCL
विश्व हिन्दी दिवस-2024